वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पत्रांक: पू0वि0वि0 / डी0एस0डब्ल्यू/2 59 / 2025–26 दिनांक : 06.10.2025

प्रेषक,

अधिष्ठाता छात्र कल्याण
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय
जौनपुर।

सेवा में,

विभागाध्यक्ष / निदेशक / संकायाध्यक्ष / समन्वयक
विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रम,
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

विषयः–वित्तीय वर्ष 2024–25 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत वंचित समस्त वर्गो के छात्रों के लिए पोर्टल खोला जाना।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक समाज कल्याण विभाग द्वारा दिनांक 06 अक्टूबर, 2025 को वित्तीय वर्ष 2024–25 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत वंचित समस्त वर्गो के छात्रों के लिए समय–सारणी जारी की गई है जिसके अनुसार जिन छात्र / छात्राओं द्वारा सत्र 2024–25 में छात्रवृत्ति आवेदन फार्म पूरित नहीं किया गया है वे छात्र समय–सारणी में दी गई तिथियों के अनुसार छात्रवृत्ति आवेदन फार्म भर सकते है:–

1–दिनांक 27 अक्टूबर, 2025 से 31 अक्टूबर, 2025 तक छात्रों द्वारा रजिस्ट्रेशन / आनलाइन आवेदन करना।
2–दिनांक 01 नवम्बर, 2025 तक छात्रों द्वारा फाइनल प्रिन्ट आउट निकालना
3–दिनांक 01 नवम्बर, 2025 तक आवेदन फार्म की हार्ड कापी समस्त वांछित संलग्नको सहित अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय में जमा करना।
4–जिन छात्र / छात्राओं द्वारा सत्र 2024–25 में छात्रवृत्ति आवेदन फार्म पूरित किया गया था परन्तु उनके द्वारा अपने विभाग में छात्रवृत्ति आवेदन फार्म जमा नही किया गया वे भी अपना आवेदन फार्म समस्त संलग्नकों सहित अपने विभाग के माध्यम से दिनांक 20 अक्टूबर, 2025 तक अनिवार्य रूप से अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय में जमा कर दे।
5–सभी विभागाध्यक्षों से अनुरोध है कि उनके विभाग में यदि किसी छात्र का छात्रवृत्ति आवेदन फार्म (सत्र 2024–25) जिसे अबतक अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय में जमा नहीं किया गया है वे तत्काल उन छात्रवृत्ति आवेदन फार्मो को कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।

उक्त के सम्बन्ध में आपसे अनुरोध है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा दिनांक 06 अक्टूबर, 2025 को जारी की गयी समय–सारणी जो पत्र के साथ संलग्न है के अनुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्नकः–यथोपरि।

भवदीय,

6.10.2025

अधिष्ठाता छात्र कल्याण

प्रतिलिपिः–
1–जिला समाज कल्याण अधिकारी, जौनपुर के सूचनार्थ।
2–निजी सचिव कुलपति, कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
3–निजी सचिव कुलसचिव, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
4–उप कुलसचिव, छात्रवृत्ति के सूचनार्थ।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण